PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Dainik Bhaskar, Faridabad
Tuesday 12th November 2013, Page: 9
Width: 4.02 cms, Height: 11.15 cms, a4, Ref: pmin.2013-11-12.53.68

दवा विक्रेताओं की हड़ताल बेअसर

मुंबई| दवा विक्रेताओं की सोमवार को हुई सांकेतिक हड़ताल का खासा असर दिखाई नहीं दिया। अन्न व औषधि प्रशासन (एफडीए) की ओर से दावा किया गया है कि मरीजों को दवा न मिलने की एक भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई हैं। एफडीए के मुताबिक कुछ अपवादों को छोड़ दें तो यह हड़ताल बेअसर रही है। एफडीए सह आयुक्त (मुंबई) कमलेश शेंडे के मुताबिक हड़ताल का असर नहीं दिखाई पड़ा। कुछ इक्का-दुक्का दुकानदारों को छोड़कर अधिकांश दवा विक्रेता हड़ताल में शामिल नहीं हुए। जो लोग हड़ताल में शामिल हुए हैं उन पर एस्मा या संबंधित कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। शेंडे के मुताबिक 70 फीसदी दवा विक्रेता हड़ताल में शामिल नहीं थे। केवल 20 फीसदी दवा विक्रेता हड़ताल में शामिल हुए।

Miscellaneous.

859